# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : शोध/365
दिनांक : 27.08.2026

## विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा निर्गत विज्ञप्ति संख्या–शोध/9420 दिनांक 04.07.2025 के माध्यम से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में पीएच0डी0 प्रवेश हेतु केवल अवमुक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से पीएच0डी0 आवेदन पत्र भरे है, को अगले चरण में आर0ए0सी0 के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना है।

एतद् द्वारा शिक्षाशास्त्र (कला संकाय) विषय के पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु अवमुक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को दिनांक **31.08.2026 को प्रातः 10:00** बजे साक्षात्कार हेतु संकायाध्यक्ष कला कार्यालय, राजनीति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ में आमंत्रित किया जाता है।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अभिलेख (मूल एवं स्वप्रमाणित प्रतिलिपि) लाना अनिवार्य है।:–

01. समस्त शैक्षणिक अभिलेख।
02. भरे गये आवेदन फार्म की एक प्रति।
03. प्रवेश पत्र की एक प्रति।
04. पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ।
05. पहचान पत्र।
06. जाति प्रमाण पत्र।
07. ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र।
08. दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
09. नेट/जे0आर0एफ प्रमाण पत्र।
10. प्रस्तावित शोध क्षेत्र के बारे में 500 शब्दों में एक लेख।
11. नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
12. पार्ट टाईम पीएच0डी0 सम्बन्धी अर्हता यदि हो।

ऐसे अभ्यर्थी जो नियत तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं होते है का पीएच0डी0 हेतु अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा। यह पीएच0डी0 प्रवेश प्रक्रिया चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय शोध अध्यादेश– 2022 में वर्णित प्रावधानों के अधीन है।

27/08

उप कुलसचिव (शोध)

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
02. संकायाध्यक्ष (कला) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. संयोजक, शोध सलाहकार समिति, शिक्षाशास्त्र, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि साक्षात्कार से पूर्व समस्त अभ्यर्थियों की अर्हता जॉचने का कष्ट करें। अनर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किसी भी दशा में न करायें। अग्रतर अभ्यर्थियों को अपने स्तर से भी साक्षात्कार तिथि से अवगत कराने का कष्ट करें।
04. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एंजेसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित अभ्यर्थियों को ई–मेल/एस0एम0एस0 के द्वारा साक्षात्कार तिथि से अवगत करायें।
05. विश्वविद्यालय वेबसाइट।

उप कुलसचिव (शोध)